# आजमगढ़ में निष्पक्ष और निर्भीक मतदान कराना चुनौती, प्रशासन ने पूरी की तैयारी

लोकमित्र ब्यूरो

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की 16 निकायों की सरकार बनाने के लिए गुरुवार सुबह सात बजे से मतदान होगा। इसकी तैयारियां प्रशासन ने मुकम्मल कर ली हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में वोट पड़ेंगे। आजमगढ़ में निकाय चुनाव निष्पक्ष और निर्भीक करना प्रशासन के लिए चुनौती है। जिले में 160 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। जिनमें 59 मतदान केंद्र अति संवेदनशील और 15 अति संवेदनशील प्लस श्रेणी के हैं।



86 मतदान केंद्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। जिले में कुल 532 बूथों पर मतदान होगा। इनमें अति संवेदनशील और अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्र प्रशासन के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। जिले में तीन नगर पालिका नगर पालिका आजमगढ़, मुबारकपुर व बिलरियागंज और 13 नगर पंचायत, जहानागंज बाजार, निजामाबाद, सरायमीर, फूलपुर, माहुल, अजमतगढ़, जीयनपुर, महराजगंज, मेंहनगर, कटघर लालगंज, बूढ़नपुर, अतरौलिया और मार्टीनगंज हैं।

निकाय चुनावों के दौरान शांति व्यवस्था और निष्पक्षता बनाए रखने की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। 160 मतदान केंद्रों के 532 मतदेय स्थलों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से निगरानी की जाएगी। प्रशासन की ओर से इन बूथों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने की तैयारियां की गई हैं।

आजमगढ़ जिले में निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से 21 जोनल मजिस्ट्रेट और 54 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती है। इसके साथ ही चार सुपर जोनल मजिस्ट्रेट भी लगाए हैं। इसके अलावा निकायवार निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए बूथों पर स्थानीय पुलिस के अलावा बीएसएफ के जवानों की तैनाती रहेगी। सभी निकायों को सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 21 जोन और 54 सेक्टर में बांटा गया है।

### क्या इस बार धुलेगा कम मतदान प्रतिशत का दाग

शहर की सरकार के भाग्य का गुरुवार को फैसला होगा। ये फैसला लिखेंगे चार लाख 57 हजार से अधिक मतदाता। आपके एक-एक वोट से तय होगा शहर में सरकार कैसी होगी। किसकी होगी। उम्मीद है कम मतदान प्रतिशत का दाग भी धुल जाएगा। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि 2017 में केवल 48 फीसदी मतदान नगर निकायों के लिए हुआ। इस बार अधिक से अधिक मतदान कर रिकॉर्ड बनाना है। गुरुवार सुबह सात बजे से वोटिंग शुरु होगी। शाम छह बजे तक मतदान होगा।

आजमगढ़ जनपद के 532 बूथों पर चार लाख 57 हजार 725 मतदाता 1316 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें 170 चेयरमैन और 1146 सभासद पद के प्रत्याशी हैं। कुल मतदाता में 240532 पुरुष व 217193 महिलाएं शामिल हैं। सभी उपजिलाधिकारी को इलाके में चुनाव को शांति से संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# आप नेता संजय सिंह ने थाने में मारपीट पर भाजपा नेता पर उठाए सवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** अमेठी के गौरीगंज में सपा विधायक व उनके समर्थकों द्वारा भाजपा नेता दीपक सिंह की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। भाजपा ने सपा नेता व उसके समर्थकों पर गुंडई करने का आरोप लगाया है। इस पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के समर्थन में ट्वीट किया है।

उन्होंने ट्वीट कर कहा कि पहले भाजपाईयों ने सपा विधायक के मामा के लड़के राहुल और कई लोगों को मारा उन पर एफआईआर के लिए विधायक थाने में बैठे थे। भाजपा नेता की हिम्मत देखिये थाने में आकर विधायक को गाली दी। राजनीति अपनी जगह है लेकिन क्या थाने में एक विधायक को मां बहन की गाली देना ठीक है? क्या किसी भाजपा विधायक को कोई मां की गाली देगा तो वो चुप रहेगा?





वीडियो वायरल होने पर सपा विधायक ने भी बयान दिया है। सपा विधायक ने कहा कि भाजपा नेता दीपक सिंह बीते चार दिनों से मेरे परिजनों और समर्थकों के पीछे पड़े हैं। कई जगहों पर मेरे समर्थकों को पीटा और उन्हें गौरीगंज में नजर न आने की हिदायत भी दी। गौरीगंज में चार दिन से गुंडागर्दी चल रही थी। उसने मेरे भाई और भतीजे पर हमला किया था। रात भर मैं थाने में बैठा रहा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दीपक को पुलिस संरक्षण दे रही थी। मैं अपने गुस्से पर काबू नहीं रख सका। अगर पुलिस ने कार्रवाई की होती तो शायद यह घटना नहीं होती।

दरअसल, कल अमेठी में निकाय चुनाव के लिए मतदान होना है। दीपक सिंह की पत्नी रश्मि सिंह भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रत्याशी हैं। वहीं, सपा से तारा पत्नी केडी सरोज प्रत्याशी हैं। कहा जा रहा है कि तारा विधायक राकेश की अगुवाई में ही चुनाव लड़ रही हैं। बीते चार दिनों में दोनों पक्षों में कई झड़प हो चुकी है।

# कुशीनगर में बड़ा हादसा : भीषण आग में चार मासूमों सहित पांच की मौत, मचा हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया गांव में बुधवार दोपहर में आग लगने से एक ही परिवार की चार मासूम बच्चियां और उनकी मां जिंदा जल गईं। मरने वालों में दो माह की एक बच्ची है, जिसका शव अपनी मां के बगल में ही बेड के पास पाया गया है।



पहले आग पड़ोस के एक व्यक्ति के घर से लगी थी। सूचना पर डीएम, एसपी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीएम ने मृतकों के नाम चार-चार लाख रुपये आपदा राहत कोष से देने की घोषणा की।

बताया जा रहा है कि माघी मठिया गांव के निवासी शेर मोहम्मद के घर के सभी लोग दोपहर में सो रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले नबीहसन के घर में आग पकड़ लिया। तेज धूप और पछुआ हवा चलने की वजह से शेर मोहम्मद का घर भी आग की चपेट में आ गया।

आग की लपटों की वजह से परिवार के लोग बाहर नहीं निकल पाए और शेर मोहम्मद की 30 वर्षीय पत्नी फातिमा, छह वर्ष की पुत्री रोकई, चार साल की अमीना, दो साल की आयशा और दो माह की दुधमुंही खतीजा जिंदा जल गईं। इसके अलावा शेर मोहम्मद के पिता 70 वर्षीय सफीद, 68 वर्षीय मां मोतीरानी और आठ साल की बेटी कुलसुम भी झुलस गई है।

उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। आग लगने के बाद करीब चार घंटे तक गांव में अफरा-तफरी मची रही। अग्निशमन दस्ता सूचना देने के बावजूद करीब दो घंटे विलंब से पहुंचा।

डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल, एडीएम देवीदयाल वर्मा, एसडीएम सदर महात्मा सिंह, सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। डीएम ने मृतकों के नाम चार-चार लाख रुपये आपदा राहत कोष से देने की घोषणा की।

# मैंस यूनियन ने डीआरएम को सौंपा 18 सूत्रीय ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**टूंडला।** रेलवे कालोनियों एवं रेलकर्मियों की समस्याओं को लेकर नार्थ सेंट्रल रेलवे मेन्स यूनियन ने डीआरएम प्रयागराज को एक ज्ञापन सौंपा। डीआरएम ने पदाधिकारियों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मैंस यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कालोनी टूंडला के अधीन 102 पद थे। जिसमे से कार्यरत कर्मचारी 35 है। उसके दौरान भी कार्यरत कर्मचारियों में से 18 कर्मचारियों को सरप्लस कर दूसरे विभाग मे समायोजित करा जा रहा है चूंकि रेलवे कालोनी मे लगभग 1900 रेल आवास हैं। जहां 05 कालोनी है। जिसकी साफ-सफाई की व्यवस्था मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक टूंडला द्वारा कराई जाती है। जबकि वर्तमान समय मे आउटसोर्स की कोई भी एजेंसी काम नहीं कर रही है। आउट सोर्सिंग संबन्धित प्रपोज़ल बनाकर विभाग द्वारा कई बार मण्डल कार्यालय भेजा जा चुका है परंतु अभी तक इस पर कोई विचार नहीं हुआ है। जिसके कारण सभी कालोनियों मे साफ-सफाई की व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। कैरिज एंव वैगन मे हेल्पर से तकनीकि टैलेंटेड कोटे की विभागीय परीक्षा विगत 07 वर्षो से नहीं कराई गयी है। जिसके कारण हेल्पर कर्मचारियो को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। रेलवे अस्पताल टूंडला में सत्र को बढाकर तीन वर्ष किया जाए। रेलवे अस्पताल टूंडला मे लाखो रुपए से आई एक्सरे मशीन का संचालन करने वाला कोई भी एक्सरे तकनी0 एंव लैब सहायक नहीं है। इसीलिए एक्सरे तकनी0 एवं लैब सहायक के पद को शीघ्र भरा जाए। जिससे अस्पताल मे धूल फांक रही एक्सरे मशीन से रेल कर्मचारियो को लाभ प्राप्त हो सके। जिससे रेल राजस्व को हानि से बचाया जा सके। इस दौरान कार्यकारी मण्डल अध्यक्ष बलराम, शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी, सरदार सिंह, दीपक शर्मा, मुकेश कुमार, कैलाश चन्द्र एवं अन्य पधाधिकारी उपस्थित रहे।

# 7 .5 अरब रुपए से यूपी में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

**» विधान मंडल के दोनों सदनों के सभी सदस्यों को विकास निधि के तौर पर मिली प्रथम किस्त**

नागेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** विकास के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश के विकास को अब और गति मिलने जा रही है। विधानमंडल के दोनों सदनों (विधान सभा और विधान परिषद) के सभी 499 सदस्यों को शासन की ओर से उनके क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदान की जाने वाली प्रस्तावित निधि की प्रथम किस्त के रूप में करीब 7.5 अरब रुपए प्रदान किए हैं। इस राशि को जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों पर खर्च कर सकेंगे। शासन की ओर से राशि स्वीकृति किए जाने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार प्रदेश के प्रत्येक जिले, प्रत्येक गांव को विकास से सराबोर करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के दृष्टिगत विकास निधि को समय पर उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में सम्मिलित है।

### प्रत्येक विधान मंडल सदस्यों को मिलेगी डेढ़ करोड़ की धनराशि

ज्ञात हो कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत कुल 25.20 अरब रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी क्रम में, मौजूदा बजट व्यवस्था के अंतर्गत विधान सभा के कुल 403 में से 401 सदस्यों (2 रिक्त स्थान) के लिए कुल 6 अरब एक करोड़ पचास लाख रुपए की धनराशि राज्य सरकार द्वारा पहली किस्त के रूप में स्वीकृत की गई है। वहीं, विधान परिषद के कुल 100 में से 98 (2 स्थान रिक्त) सदस्यों के लिए निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों पर खर्च करने हेतु कुल एक अरब सैंतालिस करोड़ रुपए देने का प्राविधान किया गया है। इस प्रकार, विधान मंडल के दोनों सदनों के कुल 499 (401+98)सदस्यों के लिए 7 अरब 48 करोड़ 50 लाख रुपए की व्यय राशि जारी की गई है। इस राशि में जीएसटी की राशि भी सम्मिलित है। जारी की गई कुल राशि में प्रत्येक सदस्य को विकास कार्यों के लिए डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त होगी। यह धनराशि विधान मंडल के सदस्य अपने क्षेत्र के विकास पर ही खर्च कर सकेंगे। वहीं, जिन निर्वाचन क्षेत्रों में विधान मंडल के सदस्यों के पद रिक्त हैं वहां के लिए कोषागार से राशि जारी नहीं की जाएगी। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जिन स्थानों पर आचार संहिता लागू है, वहां नियमों का पालन करते हुए ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# तीन साल की लापता मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या, घर से कुछ दूरी पर मिली थी अचेत

**बलिया।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सोमवार से घर से गायब तीन साल की मासूम कुछ दूरी पर झाड़ियों में अचेत हालत में मिली। पहले तो परिजन सांप काटने की आशंका में झाड़-फूंक कराते रहे। बाद में इसे सीएचसी ले जाया गया तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट में मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने की पुष्टी हुई है। पुलिस धाराओं को बढ़ाने के साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। सोमवार को गांव निवासी की तीन साल की पुत्री अपने घर से गायब हो गई। घंटों खोजबीन के बाद मामले में पिता की तहरीर पर बांसडीह कोतवाली में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को बालिका घर से कुछ दूरी पर झाड़ी में अचेत मिली। इसके बाद परिजन सांप काटने की आशंका को लेकर कुछ देर झाड़-फूंक कराते रहे। फिर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह लाया। उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले की परतें खोल दी। बालिका के साथ हुई दरिंदगी की कहानी सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। रिपोर्ट ने बताया कि मासूम के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। इसके साथ ही उसके शरीर पर और भी चोट खरोंच के निशान मिले थे, जो उसके साथ हुई दरिंदगी को बयां कर रहे थे। घटना ने पूरे क्षेत्र को झिंझोड़ कर रख दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में हाथ-पांव मार रही है। इस संबंध में सीओ बांसडीह शिवनारायण वैस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में दर्ज मुकदमे में हत्या और अन्य धाराओं को तरमीम किया जा रहा है।

### आकर्षण का केंद्र रही लड्डू गोपाल की झांकी

**एका।** गांव रामपुर खेल मैदान में हुयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह समापन के बाद महाप्रसाद का भंडारा हुआ। रात्रि में देवी जागरण का आयोजन किया गया। कथा आयोजक अजय कुमार उर्फ भूरे बघेल ने बताया कि 1 मई से प्रारंभ श्रीमद् भागवत कथा 7 मई को विश्राम हो गया।8 मई को दुर्गा सप्तशती का पाठ रहा। 9 मई मंगलवार को महाप्रसाद भंडारे के साथ रात्रि में देवी जागरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिकोहाबाद से सुरेश बावला के क्लासिकल आर्केस्टा देवी जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा भव्य देवी जागरण में राहुल बाबा द्वारा सजाई गई लड्डू गोपाल की झांकी को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। गायको में कानपुर से सत्या कुशवाहा फिरोजाबाद से महेंद्र एवं लक्ष्मी के साथ मनीष हाथरसी ने माता रानी के सुंदर-सुंदर भजनों को सुनाकर श्रोतागढों को खूब नृत्य कराया। बुधवार को कथा पंडाल से सभी कलश वाली कन्याओं के साथ पेढ़त नहर पुल पर कलश विसर्जन किया गया।

# थाने में हुई मारपीट, सपा विधायक, भाजपा प्रत्याशी में बीजेपी प्रत्याशियों ने किया शक्ति प्रदर्शन

**अमेठी।** लोकसभा क्षेत्र अमेठी राजनीति की वजह से विश्व में जानी जाती है पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का क्षेत्र भी रह चुकी है वीआईपी क्षेत्र के रूप में भी जानी जाती रही है अमेठी निकाय चुनाव 2023 के चुनाव प्रचार का मंगलवार को आखिरी दिन था,सभी प्रत्याशियों ने अपनी शक्ति का खूब प्रदर्शन किया l प्रत्याशियों को धमकाने, और डराने का आरोप भी लगा सत्ता पक्ष पर, थाने पर भी हुई मारपीट, जिस कारण चुनाव का माहौल गर्म हो चुका है।

केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है परंतु लोकसभा अमेठी में दो विधायक सपा और दो विधायक भाजपा के हैं भाजपा ने निकाय चुनाव में अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए कैबिनेट मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, एवं राज्यमंत्री प्रभारी मंत्री सांसद सहित सभी कार्यकर्ताओं को लगा रखा था। परंतु प्रत्याशियों के चयन को लेकर कहीं ना कहीं पार्टी कार्यकर्ता दो खेमें में नजर आए जिसका खामियाजा प्रत्याशियों को उठाना पड़ सकता है। तो वही बात करते हैं सपा की तो विधायक एवं पार्टी पदाधिकारियों ने चुनाव की कमान संभाल रखी हैं, नगरपालिका गौरीगंज और नगर पंचायत अमेठी में मजबूती का एहसास कराया। जनपद में बसपा सिर्फ खानापूर्ति करती नजर आई निकाय चुनाव में जमानत बचाने वाले प्रत्याशी भी नहीं मिले, नगर पंचायत अमेठी के प्रत्याशी ने निर्दल प्रत्याशी को समर्थन देकर चुनावी मैदान छोड़ दिया, इससे बसपा की स्थिति का आकलन लगाया जा सकता है। अब बात करते हैं कांग्रेस पार्टी की तो अमेठी को अपना घर बताने वालों को प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिले, कहीं रिजल्ट प्रत्याशियों को मैदान में उतारा, तो कहीं प्रत्याशी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगर पंचायत अमेठी में सबसे बुरा हाल रहा कांग्रेस का पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने फोटो खिंचवाई, और कार्यालय में बैठकर हो-हल्ला किया गया, चुनाव के पहले ही हार का जश्न मनाते नजर आए, अब उन्हें लोकसभा चुनाव का इंतजार है l इससे ऐसा प्रतीत होता है कि लोकसभा अमेठी में अपना जनाधार खोती जा रहीहैं कांग्रेस पार्टी l इस बार आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव अमेठी में दमदार प्रदर्शन करती नजर आ रही है, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साह में नजर आ रहे हैं पार्टी प्रत्याशी को हर संभव जिताने का प्रयास करने में लगे हुए। खास बात गौर करने की यह रही कि नगरपालिका गौरीगंज और नगर पंचायत अमेठी में निर्दल प्रत्याशियों की दावेदारी ने सभी दलों के प्रत्याशियों की नींद हराम कर दी है। निकाय चुनाव में सभी दलों के प्रत्याशियों को लेकर मतभेद जारी रहा, जिस कारण प्रत्याशियों को विरोध का सामना करना पड़ा। खास बात देखने को यह मिली कि निकाय चुनाव पूरी तरह से कमर्शियल नजर आया।

# द केरल स्टोरी के टैक्स फ्री होने पर काशी के संतों में हर्ष, बोले– दोहरा मापदंड कब तक चलेगा



लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में फिल्म द केरल स्टोरी के टैक्स फ्री होने पर संत समाज ने हर्ष जताया है। अखिल भारतीय संत समिति ने सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। बुधवार को अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल ने इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाया है। हम जानना चाहते हैं कि यह दोहरी मानसिकता और दोहरा मापदंड कब तक चलेगा।

कश्मीर फाइल, द केरल स्टोरी, ताशकंद फाइल, जैसी फिल्में हिंदू समाज पर होने वाले अत्याचार से रूबरू कराती हैं। संत समाज और युवा हिंदू इन बातों को समझने लगा है। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि लव जिहाद की सच्चाई को बयां करती फिल्म को सभी को देखना चाहिए। इस राष्ट्र की एकता व अखंडता और एक राज्य को टारगेट कर कितनी बड़ी साजिश हुई है। कल तक जो लोग बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री के बैन होने पर रो रहे थे, वही केरल हाईकोर्ट में इस फिल्म को बैन कराने के लिए पहुंचे थे।

# आखिर खाली क्यों हैं स्कूल : सूने पड़े हैं क्लासरूम, बच्चों ने पाठशाला जाना छोड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत के बाद मुस्करा ब्लॉक के जल्ला गांव में बने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बीते एक सप्ताह से एक भी बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा है। इससे यहां पहुंचने वाले शिक्षकों ने उच्च अधिकारियों की सूचना दी है।




मंगलवार को शिक्षकों ने अभिभावकों ने साथ बैठक कर बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की है। वहीं अभिभावकों ने सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है। बता दें कि दो मई को हमीरपुर-राठ मार्ग स्टेट हाईवे 43 के किनारे बसे जल्ला गांव निवासी भीष्म कुशवाहा की पांच वर्षीय पुत्री प्रांजलि की स्कूल से घर लौट रही थी।

इस दौरान लोडर से कुचलकर मौत हो गई थी। घटना के बाद से सभी बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। मंगलवार को दोनों विद्यालयों के कार्यवाहक प्रधानाचार्य भगवानदास और सभी शिक्षकों ने अभिभावकों की बैठक बुलाकर उनसे बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया। इस पर अभिभावकों ने इनकार कर दिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि उच्चप्राथमिक विद्यालय में 38, प्राथमिक विद्यालय में 51 और आंगनबाड़ी केंद्र में 21 बच्चे हैं। अभिभावकों की मांग है कि रोड पर स्कूल की निकासी के मोड़ के दोनों तरफ गति अवरोधक व जेब्रालाइन बनवाई जाए।

स्कूल के चपरासी को सख्ती से निर्देशित किया जाए, कि वह छुट्टी के समय बच्चों को रोड पार कराए। प्रधानाचार्य ने बताया कि मीटिंग के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी मुस्करा को सूचित किया गया था और उन्हें आना भी था, लेकिन किसी कारण वश वह नहीं आए।

वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना जायसवाल का कहना है कि उनको पूरे घटनाक्रम की जानकारी है। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता और आरटीओ से बात की है पत्र भी लिखा है। इसमें स्कूल के निकासी वाले मोड़ पर मुख्य मार्ग में दोनों ओर गति अवरोधक बनवाने और बोर्ड लगवाने का आग्रह किया गया है।

गौरतलब हो कि बिवांर ग्राम पंचायत से संबद्ध मरा जल्ला की आबादी लगभग आठ सौ होगी। यहां हमीरपुर-राठ रो के पूर्वी किनारे पर प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय एक ही कैंपस में बने हुए हैं। वहीं, गांव की बस्ती रोड़ के पश्चिमी किनारे पर बसी हुई है। बच्चों को मेन रोड को पार करना पड़ता है।

### अभिभावक अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में कराएं दाखिला

**शिकोहाबाद।** प्राथमिक विद्यालयों में अब प्राइवेट स्कूलों जैसा वातावरण बच्चों को दिया जा रहा है। पढाई में भी परिवर्तन किया है। जिससे अभिभावकों को अब अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजना चाहिए। जिससे उन्हें भारी भरकम फीस से छुटकारा मिलेगा और उनके बच्चे को अच्छी शिक्षा भी मिलेगी। उक्त बात ब्लॉक अरांव के प्राथमिक विद्यालय नगला वाले में एआरपी अजय कुमार ने छात्रों व अभिवावकों की मीटिंग में कही। उन्होंने छात्र और अभिभावकों से वार्ता करते समय कहा कि विभिन्न निजी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों में ज्यादा अंतर नहीं है। उन्होंने कहा सरकारी विद्यालय में भी शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। निजी विद्यालयों जैसी ही शिक्षा का वातावरण दिया जा रहा है। सभी शिक्षक अपना सतप्रतिशत देने की पूरी कोशिश करते हैं।

# अगर आपके पास भी नहीं है वोटर आईडी कार्ड, तो जानें किस तरह से कर सकते हैं मतदान

लोकमित्र ब्यूरो

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए गुरुवार को मतदान है। इस चरण में आजमगढ़, बलिया, मऊ, भदोही, मिर्जापुर और सोनभद्र में भी मतदान है। नगर निकाय चुनाव में मतदान के लिए आयोग ने मतदाताओं की पहचान के लिए कई विकल्पों को मंजूरी दे दी है।



अगर किसी के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह इन विकल्पों में से किसी एक का उपयोग कर भी वोट दे सकेंगे। एडीएम सहदेव मिश्र ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए मतदान स्थल पर निर्धारित पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र दिखाना जरूरी होगा।

इसमें भारत निर्वाचन आयोग से निर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, राज्य/केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/पोस्ट आफिस से जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाण-पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अन्तर्गत रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया से जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, राशन कार्ड आदि के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इसमें से कोई दस्तावेज, जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध होते हैं, वे उस परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिए भी वैध माने जाएंगें, बशर्ते कि सभी सदस्य एक साथ मतदान स्थल पर आएं और मुखिया उनकी पहचान सुनिश्चित करें।

# ईवी मैन्युफैक्चरिंग के साथ कर्मचारियों का कौशल भी निखारेंगी निजी कंपनियां

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने निवेशकों को तमाम तरह के प्रोत्साहन और सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। खासतौर पर उन निवेशकों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा, जो कर्मचारियों के कौशल विकास को महत्व देंगे। इसके लिए ईवी मैन्युफैक्चरिंग एंड मोबिलिटी पॉलिसी में प्राविधान किए गए हैं।

पॉलिसी के क्रियान्वयन से संबंधित नियमावली में कौशल विकास के लिए वित्तीय प्रोत्साहन के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान की गई है। इसके अनुसार प्रदेश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग में निवेश करने वाली कंपनियों को कौशल विकास सब्सिडी प्रदान की जाएगी। यही नहीं, किसी वर्ष विशेष में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए अलग से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक कार्यक्रम में प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों से अपील की थी कि वो प्रदेश में निवेश के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास का भी प्रयास करें।

ताकि भविष्य के लिए एक कुशल मैनपावर का सृजन किया जा सके। इसके लिए उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव मदद देने का भी आश्वासन दिया था।

### प्रोडक्शन शुरू होने के बाद ही लागू होंगे प्राविधान

ईवी पॉलिसी में किए गए प्राविधान के अनुसार सभी प्रोत्साहन लाभ वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के बाद ही प्रदान किए जाएंगे। विनिर्माण परियोजनाओं के लिए समस्त वित्तीय प्रोत्साहनों का योग स्थाई पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। नीति के तहत 'प्रथम आगत-प्रथम पावत' (फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व) का आधार उन परियोजनाओं के लिए निर्धारित किया जाएगा, जिन्हें नीति के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन के लिए लेटर ऑफ कंफर्ट प्रदान किया जा रहा हो।

### कई देशी-विदेशी कंपनियां यूपी में यूनिट लगाने को तैयार

मालूम हो कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर ईवी मैन्युफैक्चरिंग में निवेश के लिए एमओयू हुआ है। ईवी मैन्यफैक्चरिंग में देश ही नहीं बल्कि विदेशी कंपनियां भी यूपी में निवेश के लिए आना चाहती हैं। इनमें सबसे बड़ा निवेश हांगकांग की कंपनी टाऊशेन इंटरनेशनल लि. है जो टाऊशेन ग्रुप ऑफ कंपनीज का अंग है। इस एक कंपनी ने ईवी मैन्युफैक्चरिंग के अलावा कई अन्य सेक्टर्स में 1.90 लाख करोड़ के निवेश का एमओयू किया है। इसी तरह आरजी स्ट्रेटजीज ग्रुप और कॉसिस ग्रुप ने भी ईवी सेक्टर में बड़े निवेश करार किए हैं। इनके अलावा कई अन्य कंपनियां प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की तैयारी में हैं।

### अधिकतम 50 कर्मचारियों को 5 हजार रुपए स्टाइपेंड

ईवी पॉलिसी में कौशल विकास सब्सिडी का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार सभी परिभाषित विनिर्माण परियोजनाओं के लिए स्टाइपेंड की प्रतिपूर्ति के रूप में अधिकतम 50 कर्मचारियों को प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष 5000 रुपए की दर से एक बार सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसी प्राविधान के तहत किसी वर्ष विशेष में अधिकतम 10 कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए भी सब्सिडी का भुगतान किया जाएगा। यह प्रोत्साहन लाभ केवल उन कर्मचारियों पर लागू होगा जो प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने से पूर्व 12 माह की अवधि के लिए आवेदन करने वाली विनिर्माण इकाई में कार्यरत हों। सब्सिडी हेतु अनुमन्य होने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम या उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन या किसी केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय या आईटीआई/ पॉलीटेक्निक द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से मिली 'द केरल स्टोरी' की टीम

## निर्माता-निर्देशक व अभिनेत्री ने सीएम को बताई कहानी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** द केरल स्टोरी फिल्म के निर्माता विपुल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन, अभिनेत्री अदा शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। टीम ने फिल्म को लेकर चर्चा की। निर्माता विपुल शाह ने सीएम योगी आदित्यनाथ से फिल्म देखने का आग्रह किया। इस दौरान वीर कपूर भी रहे। केरल में बड़े पैमाने पर हिंदू महिलाओं के धर्मांतरण और उन्हें आतंकी गतिविधियों में लिप्त किए जाने पर आधारित 'द केरल स्टोरी' की टीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा भी की और योगी सरकार के लव जेहाद व धर्मांतरण को रोकने को लेकर बने कानून (विधि विरूद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020) व कार्रवाईयों की सराहना की। सीएम योगी मंत्रिमंडल के साथ इस फिल्म का अवलोकन भी करेंगे। सीएम ऑफिस से दो दिन पहले किए गए ट्वीट में लिखा गया है कि सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ 12 मई 2023 को लखनऊ में 'द केरल स्टोरी' फिल्म देखेंगे।

# सभी आयोजनों में हर स्तर पर पारदर्शिता व मित्तव्ययिता बरती जाए : जयवीर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी कार्यक्रमों में पारदर्शिता एवं मित्तव्ययिता का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के लिए सामान्य दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा है कि संस्कृति विभाग के अंतर्गत कार्यरत निदेशालयों, संस्थाओं तथा अकादमियों द्वारा मूर्त एवं अमूर्त कलाओं के मंचन/प्रदर्शन तथा प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, शैक्षिक भ्रमणों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन सभी आयोजनों के लिए एक भौतिक सत्यापन समिति बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके पश्चात ही कार्यक्रमों के व्यय का भुगतान बिलम्बतम एक माह के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाए।

पर्यटन मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संस्कृति विभाग के आयोजन के लिए एक विस्तृत सामान्य नियामक निर्धारण किया गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव (संस्कृति) की ओर से 09 मई, 2023 को आवश्यक शासनादेश जारी करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग के सभी संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों के दौरान कराये गये कार्यों के लिए टेण्डर एवं कोटेशन जेम पोर्टल आदि के माध्यम से दरें निर्धारित की जाए।

शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कार्यक्रमों में होने वाली वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी पर होने वाले खर्च को यथा संभव कम किया जाए। यह प्रयास किया जाए कि विभागीय फोटोग्राफर से ही फोटोग्राफी कराई जाए। विभागीय फोटोग्राफी न कराये जाने की स्थिति में वीडियोग्राफी पर 5000 तथा फोटोग्राफी पर 5000 से अधिक धनराशि व्यय न की जाए। कार्यक्रम के दौरान आतिथ्य सत्कार एवं सूक्ष्म जलपान पर शासन की मित्तव्ययिता नीति के अनुसार कम से कम खर्च किया जाए। प्रेक्षा गृह में बोतल बंद पानी के स्थान पर सहज उपलब्ध सस्ते विकल्पों पर विचार किया जाए।

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि आयोजित कार्यक्रमों का विधिवत अभिलेखीकरण किया जाए तथा फोटोग्राफी के साथ समाचार पत्रों की कटिंग तथा आयोजक/प्रयोजक से प्रमाण पत्र प्राप्त कर एक संक्षिप्त रिपोर्ट के साथ एक सप्ताह में संस्कृति निदेशालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, यूटयूब, ट्वीटर, कू तथा इन्स्टाग्राम आदि के माध्यम से किया जाए। सभी संस्थाओं द्वारा उ0प्र0 के प्रत्येक जनपद एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक कार्यक्रमों की पहुंच बनाई जाए ताकि लोक कलाओं को संरक्षित रखते हुए आयोजनों को रोजगार परक बनाने में मदद मिल सके।

# गर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की मतगणना को आयोग की मंशा के अनुरूप निर्बाध रूप से संपन्न कराने में जुटा जिला प्रशासन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार मतगणना की चल रही तैयारियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से रमाबाई स्थल पहुंचे। रमाबाई स्थल पर पहुंच कर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की समयबद्धता के साथ सभी अधिकारी अपनी अपनी तैयारियां पूरी करेगे। मतगणना की प्रत्येक कार्यवाही में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 का मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने के उपरांत अब जिला प्रशासन की ओर से आगामी 13 मई को होने वाली नगर निकाय सामान्य निर्वाचन की मतगणना को आयोग की मंशा के अनुरूप निर्बाध एवं शांतिपूर्वक रूप से संपन्न कराने के लिए तैयारियां किया जाना आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया और निर्देशित किया कि मतगणना की प्रत्येक कार्यवाही में मा0 निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरसः पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने मतगणना कराने के संबंध में टेबल लगाने के साथ साथ मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण तथा अन्य तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए और अधिकारियों से कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा अपनी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना से सम्बंधित निम्नवत दिशा निर्देश दिए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 13 मई की सुबह 7 बजे सभी कॉउंटिंग पार्टिया रमाबाई स्थल पहुच जाएगी और 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ हो जाएगी। साथ ही बताया कि पोस्टल बैलेट और सर्विस पोस्टल बैलेट की गणना भी 8 बजे से शुरू हो जाएगी।

कोई भी मतगणना अभिकर्ता या मतगणना कर्मी मोबाईल या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को अपने साथ अंदर नही ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि RO टेबल पर कैलकुलेटर की व्यवस्था की गई है।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम प्रत्याशीगण अपने मतगणना अभिकर्ताओ की नियुक्ति फार्म को भर कर करेगे। मतगणना अभिकर्ता अपने पास के अनुसार निर्धारित ज़ोन एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करेगे। जो अभिकर्ता जिस टेबल पर होगा उसको अपनी टेबल छोड़ कर दूसरे की टेबल या इधर उधर टहलने की अनुमति नही होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, दो मतगणना सहायक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक प्रत्याशी का नियुक्त किया गया मतगणना अभिकर्ता उपस्थित होगा। जो गणना एवं उसकी समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतगणना स्थल की 200 मीटर की परिधि में किसी वाहन के आने की अनुमति नही होगी। सभी वाहन पार्किंग के स्थान पर ही पार्क किये जाएंगे।

मतगणना परिसर पूर्णतया धूम्रपान निषेध परिसर होगा। परिसर में पान मसाला, सिगरेट, बीड़ी, गुटका आदि प्रतिबंध है। साथ ही कोई भी धारदार या ज्वलनशील पदार्थ परिसर में प्रतिबंधित है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान 9:30 से 10 बजे तक टी ब्रेक और 01 से 1:30 बजे तक लंच ब्रेक होगा। इस समय प्रत्यशिगण अपने मतगणना अभिकर्ताओ को चाय या भोजन भिजवा सकते है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि EVM सीलिंग हेतु निर्धारित स्थल पर जो प्रत्येक हाल के अंदर या उसके बाहर बरामदे में स्थान नियत है वहाँ पर संबंधित कर्मचारियों के माध्यम से सीलिंग का कार्य कराया जाएगा । ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि किसी बीमार या शुगर व ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता न बनाए। साथ ही बताया कि किसी MLA, MLC, मेयर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष, प्रधान, नगर निकाय या सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त नही किया जा सकता।

# सादगी के साथ मनाया गया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का जन्मदिन : अशोक सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सादगी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का जन्मदिन मनाया गया। पूरे दिन दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जन्मदिन की बधाई देने वालों में राजनैतिक, पत्रकार, खेल एवं शिक्षा जगत की हस्तियां, सामाजिक कार्यकर्ता तथा कांग्रेस जन शामिल रहे।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री खाबरी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा केक काटकर उन्हें बधाई दी गई।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश सचिव शाहनवाज मंगल आजमी, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, ममता चौधरी, शोएब खान, राकेश पाण्डेय, नारायण पति त्रिपाठी, सुशीला शर्मा, जितेन्द्र कुमार वर्मा, शब्बीर हाशमी, के0डी0 शुक्ला, नीरज तिवारी, कांग्रेस मेयर प्रत्याशी श्रीमती संगीता जायसवाल, अनामिका यादव, सहित भारी संख्या में कांग्रेस जनों ने श्री खाबरी को जन्मदिन की बधाई दी।

# प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध आटो टैम्पो एवं टैक्सी संचालन के खिलाफ लखनऊ संभाग में की गयी कार्रवाई : अपर परिवहन आयुक्त



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा लखनऊ में अवैध आटो टैम्पो, टैक्सी के खिलाफ आज 10 मई, 2023 को प्रवर्तन टीम द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रवर्तन टीम ने अवैध आटो टैम्पों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए लखनऊ संभाग में 28 वाहनों का चालान किया एवं 26 वाहनों को बन्द किया गया। यह जानकारी देते हुए अपर परिवहन आयुक्त/उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र निर्मल प्रसाद ने बताया कि प्रवर्तन टीम ने आटो टैम्पो, टैक्सी में अधिक सवारी बैठाये पाये जाने पर उनके खिलाफ चालान एवं बन्द करने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन टीम अभियान चलाकर कार्यवाही करती रहेगी।

# संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्षी दलों को आत्म मंथन करने की ज़रूरत : डा. अय्यूब सर्जन

**लखनऊ।** पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अय्यूब सर्जन नें कहा कि देश में इस समय लोकतंत्र व संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाया जा रहा है। भाजपा की केंद्रीय व प्रदेश की सरकारे देश के संविधान के सापेक्ष अपनें दल के संविधान पर प्राथमिकता देकर संविधान का मज़ाक़ उड़ा रही है, जो देश के लिए बेहतर नहीं है। लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए विपक्षी दलों को एक जुट होकर इस पर आत्म मंथन करने की ज़रूरत है। उन्होंने देश की स्थित पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उक्त बात कही।

डा0 अय्यूब सर्जन नें कहा कि देश कि सत्ता पर काबिज भाजपा संविधान पर अमल करने के सापेक्ष अपनी पार्टी कि विचार धारा के आधार पर हिन्दू मुसलमानों के बीच खाई पैदा कर नफ़रत फैलाने का काम कर रही है l सरकार अपने विरोधियों के विरुद्ध सरकारी मशीनरी का अनुचित तरीके से इस्तेमाल कर रही है। महंगाई बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दे पर सरकार चुप, धुर्वीकरण का खेल खेल रही है। महंगाई से आम जनता परेशान है, सरकार कुछ लोगों को मुफ्त राशन देकर ढिढोरा पीट रही है, कि कोई भूख से परेशान नहीं है, जबकि आज इस महंगाई व बेरोजगारी के दौर में लोग भूख की कगार पर पहुंच चुके हैं। क़ानून व्यवस्था की स्थित किसी से छिपी नहीं है। बुलडोज़र के नाम पर लोगों में खौफ पैदा कर मुंह बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिखरा हुआ विपक्ष ऐसा लगता है डरा हुआ है। विपक्षी दल असल मुद्दे पर बोलने सापेक्ष भटक गए हैं। देश में अगर लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो विपक्षी दलों को एक जुट हो कर इस पर आत्म मंथन करना होगा।

### 31 मई तक सन्निरीक्षा आवेदन परिषद कार्यालय में उपलब्ध करायें

**लखनऊ।** उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की सचिव राधा कृष्ण तिवारी ने माध्यमिक संस्कृत विद्यालय के सभी प्रधानाचार्यों को वर्ष 2023 की परीक्षा में सन्निरीक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन पत्र अग्रसारित करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विद्यालय में अध्ययनरत पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के छात्र यदि किसी विषय में सन्निरीक्षा कराने के इच्छुक हों तो उनके सन्निरीक्षा आवेदन पत्र पूरित कर निर्धारित शुल्क के साथ 31 मई 2023 तक परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि इच्छुक अभ्यर्थियों के सन्निरीक्षा की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण की जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि परिषद की वेबसाइट नचउेचणबवउ से आवेदन पत्र डाउनलोड कर आवश्यक संलग्नकों एवं निर्धारित शुल्क सहित निर्धारित तिथि तक परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# सर्वोदय विद्यालय के शिक्षक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डिजिटल शिक्षण हेतु किए गए प्रशिक्षित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय एवं एकलव्य विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक, समाज कल्याण, पवन कुमार की उपस्थिति में निदेशालय सभागार,लखनऊ में संपन्न हुआ । प्रशिक्षण का दौरान एम्बाइब द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, ई-कंटेंट के माध्यम से प्रत्येक छात्र की अध्ययन संबंधी आवश्यकता का मूल्यांकन कर लेशन प्लान को छात्र की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार रूचिपूर्ण बनाने, विद्यार्थियों में एक्टिव लर्निंग विकसित करने एवं छात्र के लर्निंग गैप को दूर करने हेतु डिजिटल शिक्षण पद्धति के संबंध में प्रशिक्षित किया गया । साथ ही डिजिटल शिक्षण के लिए उपयोगी एम्बाइब लेंस, एम्बाइब मैग्नीफायर, ए.आई चैट बॉक्स, डिजिटल होमवर्क,प्रत्येक छात्र हेतु वर्चुअल लैब एक्सपेरिमेंट्स के प्रयोग हेतु भी प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान पवन कुमार, निदेशक, समाज कल्याण द्वारा बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त ई लर्निंग सिस्टम की सहायता से विद्यार्थियों की पुस्तकों पर निर्भरता कम होगी एवं प्रत्येक छात्र-छात्रा की वास्तविक आवश्यकता का मूल्यांकन करते हुए महत्वपूर्ण विषयों व अवधारणाओं को स्मार्ट क्लास में 3-डी वीडियो एवं हाई रेजोल्यूशन इमेज व ई कंटेंट के माध्यम से रोचक तरीके से पढ़ाया जा सकेगा।

# सेक्योरिटी पेपर की व्यवस्था से अवैध खनन परिवहन पर लगेगा और अधिक प्रभावी अंकुश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, डॉ रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री जी की मन्शा व उनके निर्देशों के क्रम में उप खनिजों के खनन व परिवहन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सरल व प्रभावी बनाने के लिए खनन विभाग में खनिजों की परिवहन हेतु ई- परिवहन प्रपत्र निर्गत करने की व्यवस्था को संशोधित कर और अधिक पारदर्शी व प्रभावी तथा सरल बनाया जा रहा है।अभी तक ई-परिवहऩ प्रपत्र साधारण के पेपर पर मुद्रित किए जाते रहे हैं, जिसमें किन्हीं कारणों से प्रपत्रों के दुरुपयोग की संभावना बनी रहती थी, जिसे रोकने के लिए सिक्योरिटी फीचर युक्त सिक्योरिटी पेपर की व्यवस्था को प्रदेश में लागू किया गया है।डा०जैकब ने बताया कि में सेक्योरिटी पेपर मे 09 सेक्योरिटी फीचर निहित है, जिनके सम्बन्ध में जनपदीय खान अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।सेक्योरिटी पेपर की व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु विभागीय पोर्टल माइन मित्रा के ऑनलाईन खनिज प्रबन्धन प्रणाली के ई0एम0एम0-11 मॉड्यूल पर प्राविधान किये गये है। सिक्योरिटी पेपर ए-4 साइज मे होगा, जिसमे ई-परिवहन प्रपत्र को Portrait Mode मे तीन प्रतियों में मुद्रण हेतु डिजाइन किया गया है। प्रथम प्रति-पट्टाधारक के उपयोग हेतु, द्वितीय स्वय प्रति-परिवहनकर्ता / उपभोक्ता / भंडारणकर्ता / कार्यदायी संस्था के उपयोग हेतु तथा तृतीय प्रति-जांचकर्ता के उपयोग हेतु मान्य होगा ।बताया कि परिहारधारक / अनुज्ञप्तिधारक / भण्डारणकर्ता के लॉगइन पर सेक्योरिटी पेपर के मांग की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। सिक्योरिटी पेपर आपूर्तिकर्ता द्वारा परिवहन प्रपत्रों की वांछित मांग स्वीकृत होने के उपरान्त परिहारधारक को रू0 4.19 (चार रूपये उन्नीस पैसे मात्र ) प्रति सेक्योरिटी पेपर की दर से आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पेमेंट गेट-वे के माध्यम से जमा कराया जाना होगा। आपूर्तिकता के बैंक खाते में भुगतान के उपरान्त सिक्योरिटी पेपर आपूर्तिकर्ता द्वारा परिहार धारक/ अनुज्ञप्तिधारक/ भण्डारकर्ता के पते पर प्रेषित करेंगे। सेक्योरिटी पेपर आपूर्तिकर्ता परिहारधारक द्वारा प्रेषित किये गये डाक के विवरण जैसे कि कोरियर कम्पनी का नाम, ट्रेकिंग आई-डी की प्रविष्टि पोर्टल पर किया जाना अनिवार्य होगा, जिसकी सूचना पंजीकृत मोबाइल नं0 तथा परिहारधारक के लॉगइन पर उपलब्ध होगी। सेक्योरिटी पेपर आपूर्ति करते समय परिहारधारक की आई0डी0 के सापेक्ष सिक्योरिटी नं0 Map किये जायेगें तथा एक सेक्युरिटी नं० पर दुबारा ई० परिवहन प्रपत्र निर्गत नही होगा। Map किये गये सिक्योरिटी नं0 के सापेक्ष ही ई० परिवहन प्रपत्र निर्गत हो सकेंगे। विशेषता यह है कि सेक्योरिटी पेपर पर निर्गत किये गये ई० परिवहन प्रपत्र की फोटोकापी किये जाने पर छायाप्रति की पहचान करना आसान होगा और फोटो कापी किये गये प्रपत्र का किसी भी दशा में दुरुपयोग कोई भी व्यक्ति नहीं कर पायेगा,जिससे अवैध खनन / परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने में आसानी होगी और ई० - परिवहन प्रपत्रों की डुप्लीकेसी पर पूरी तरह लगाम लगेगी, जिससे सरकार को मिलने वाले राजस्व में भी और वृद्धि होगी। अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विपिन कुमार जैन ने बताया कि सेक्योरिटी पेपर पर जनित ई०-परिवहन प्रपत्रों की जांच हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में यू वी लाइट टार्च की व्यवस्था की जा रही है।

# किसानों के सम्मान के लिए योगी सरकार चलाएगी बड़ा अभियान

**नागेन्द्र सिंह**

**लखनऊ।** प्रदेश के शत प्रतिशत अन्नदाताओं को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिले, इसके लिए योगी सरकार बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। ग्राम पंचायत स्तरीय संतृप्तीकरण अभियान 22 मई से शुरू होगा जो 10 जून तक चलेगा। हालांकि, इससे पहले ही आगामी 20 मई तक सरकार के नुमाइंदे घर घर जाकर ऐसे कृषकों की सूची तैयार करने में जुटे हुए हैं, जो विभिन्न कारणों से इस लाभ से अबतक वंचित हैं। किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6000 रुपए प्रतिवर्ष की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

उत्तर प्रदेश में अबतक 2,83,10,177 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत धनराशि भेजी जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लगातार अभियान चलाते हुए प्रदेश के शत प्रतिशत पात्र किसानों को योजना का लाभ प्रदान किया जाए। अन्नदाताओं के लिए बेहद लाभकारी इस योजना को लेकर योगी सरकार की गंभीरता को इसी बात से समझा जा सकता है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र सीधे सीधे इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। हाल ही में मुख्य सचिव ने इस योजना के अंतर्गत अबतक लाभ से वंचित कृषकों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक भी ली है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उन्हे बताया कि बड़ी संख्या ऐसे कृषकों की है जिन्होंने अभी तक ओपेन सोर्स से आवेदन नहीं किया है। इसके अलावा ऐसे कृषक भी हैं जिन्होंने ओपेन सोर्स के अंतर्गत आवेदन तो किया है, मगर आवेदन अबतक स्वीकृत नहीं हुए हैं। इसके साथ ही जिन कृषकों का भूलेख अपडेट नहीं हुआ है उन्हें भी आगामी किस्तें प्राप्त नहीं हो रही है। कई बार पंजीकृत कृषकों के भूलेख का सत्यापन होने के बावजूद उनके बैंक खाते का आधार से लिंक न हो पाने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।

बता दें कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अबतक 13 किस्तों का वितरण पूरा कर लिया गया है। अब 14वीं किस्त के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया गया है। निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताओं के कारण किसानों को किसी भी प्रकार की दुविधा ना हो, इसको लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर बड़े अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसमें पुराने पंजीकृत किसानों के प्रकरणों और नये कृषकों को जोड़ने के लिए 22 मई से 10 जून तक अभियान चलेगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक पूरे प्रदेश में पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तीकरण अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगाए जाएंगे। पूरे अभियान का नोडल विभाग कृषि होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों में ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सेक्रेटरी, लेखपाल, तकनीकी सहायक (कृषि), कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिससे कि ई-केवाईसी, बैंक खाते की आधार लिंकिंग एवं लैंड सीडिंग के काम को सफलता पूर्वक कराया जा सके।

### वरिष्ठ अफसर ग्राम पंचायतों का करेंगे दौरा

वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान से पहले घर-घर सर्वेक्षण एवं प्रचार-प्रसार का अभियान चलाया जाएगा। इसमें ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय कर्मियों के साथ घर-घर सर्वेक्षण कर ऐसे कृषकों की सूची तैयार कर ली जाएंगी, जो विभिन्न कारणों से इस लाभ से वंचित हैं। इसके बाद निर्धारित शिविर की तिथि पर अपने अभिलेख जैसे आधार कार्ड, खतौनी एवं आधार सीडेड बैंक एकाउंट की पासबुक इत्यादि की प्रति लेकर कैम्प स्थल पर उपस्थित होने के लिए प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

## संक्षेप

### जनपद के भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों का डाटा किया जायेगा आनलाइन

अमेठी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कर्नल राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद के तहसील अमेठी, गौरीगंज, मुसाफिरखाना एवं तिलोई के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों (दिवंगत सैनिकों की पत्नियॉ) का डाटा आनलाइन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु किसी भी कार्य दिवस में अपनी सेना की डिस्चार्ज बुक, पी0पी0ओ0, सैनिक कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं सिंगल तथा ज्वाइन्ट पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ 15 जून 2023 तक 10 बजे से 1 बजे के बीच जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय गौरीगंज जनपद अमेठी में अतिशीघ्र सम्पर्क स्थापित करें जिससे डाटा सम्बन्धी कार्य को आनलाइन किया जा सके।

### नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु जनपद में मतदान दिवस 11 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित

अमेठी। राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(न0नि0) राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि सचिव, सामान्य प्रशासन अनुभाग, उ0प्र0 शासन की विज्ञप्ति के अनुसार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 हेतु मतदान दिवसों को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने उपरोक्त निर्देश के क्रम में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 हेतु जनपद अमेठी में होने वाले मतदान दिवस की तिथि 11 मई 2023 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### विकलांग बच्चों की मदद करके माई श्री महाराणा प्रताप जयंती

फरीदाबाद। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री महाराणा प्रताप राजपूत सेवा समिति हरियाणा प्रदेश के युवा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर विकास ठाकुर ने अपने सभी वरिष्ठ बुजुर्ग और नौजवान साथियों के साथ श्री महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। इस शुभ अवसर पर विकास सिंह ने अपने परिवार के साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन को सहायता राशि भेंट की। वरिष्ठ समाजसेवी किशन ठाकुर के पोते कुंवर दक्ष ठाकुर ने अपने हाथ से यह शुभ कार्य किया। इस मौके पर कुंवर विकास ने कहा कि हमें श्री महाराणा प्रताप जी जैसे महान व्यक्ति के पद चिन्हों पर चलकर समाज देश हित में कार्य करते हुए समाज सेवा करनी चाहिए और कमजोर असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए क्योंकि श्री महाराणा प्रताप जी ने हमेशा अपनी जाति से नहीं समस्त जाति समाज की देखते हुए देश हित में लड़ाइयां लड़ी, उसी कड़ी में उन्होंने हमेशा समाज और देश हित में कार्य किए। इस मौके पर वरिष्ठ बुजुर्ग आरपी सिंह पवार, पंडित मूलचंद शर्मा, रोहतास लालाजी, मिथिलेश पांडे, अशोक मिश्रा, मयंक, हिमांशु आदि मौजूद थे।

### नगरीय निकाय निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

अमेठी। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के अंतर्गत जनपद अमेठी की नगर पालिका गौरीगंज एवं जायस तथा नगर पंचायत मुसाफिरखाना एवं अमेठी में अध्यक्ष एवं सदस्य पद के निर्वाचन के लिए दिनांक 11 मई 2023 को प्रात: 7:00 से सांय 6:00 तक मतदान होगा। जिसके लिए आज संबंधित तहसील परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई है। बताते चलें कि चारों निकायों में कुल 72 वार्ड हैं जिसमें कुल 31 मतदान केंद्र तथा 85 मतदेय स्थल बनाए गए हैं जिसके लिए आज 85 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई है, चारों निकायों में 79037 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें नगरपालिका गौरीगंज में 27161, नगरपालिका जायस में 32839, नगर पंचायत मुसाफिरखाना में 6658 तथा नगर पंचायत अमेठी में 12379 मतदाता शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों पर पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं चुनाव में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव से संबंधित शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम नंबर–05368–244108, 244173 जारी किया गया है। जनपद में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबंध है इसके साथ ही उन्होंने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया है।

### 13 यूपी कन्या वाहिनी एनसीसी का 10 दिवसीय शिविर का समापन

गाजियाबाद। 13 यूपी कन्या वाहिनी एनसीसी द्वारा चलाए गए 10 दिवसीय एनसीसी शिविर का आज समापन समारोह बहुत ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स को हथियार, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एंड बैटल क्राफ्ट ,लीडरशिप, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, हेल्थ एंड हाइजीन आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान एनडीआरएफ 8 बटालियन गाजियाबाद द्वारा आपदा से बचाव के बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी तरीके बताए गए। इसके साथ ही मिसेज वंदना रस्तोगी के द्वारा कैडेटों को किशोरावस्था के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। शिविर में वृक्षारोपण और पानी बचाओ से संबंधित जागरूकता रैली भी निकाली गई। सभी स्कूलों और कॉलेजों से आए कैडेटों ने बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस शिविर के दौरान बहुत सी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया जिसमें विजेता कैडेटों को कैंप कमांडेंट कर्नल कुश वीर नंदा ने मेडल और ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कैंप कमांडेंट ने सभी कैडेटों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उनके अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। शिविर के समापन समारोह में ऑफिसर स्टाफ और सभी कैडेट उपस्थित रहे।

### समुदाय विशेष के युवक ने हिंदू लड़की से पहले दोस्ती की बाद में दोस्तों को संबंध बनाने को बनाया दबाव*

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र में लव जिहाद का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई। समुदाय विशेष के युवक ने दोस्ती कर आगरा की एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया। फिरोजाबाद लाकर उसे प्रताड़ित करने लगा। उसके दोस्त भी शोषण करने लगे। पता चलते हिंदूवादी संगठनों वहां पहुंचकर उसे निकाला। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। जनपद आगरा थाना एत्माददौला क्षेत्र से लापता युवती बुधवार को अचानक थाना दक्षिण पहुंची। नई बस्ती निवासी समुदाय विशेष के युवक की बहन आगरा के एत्माद्दौला क्षेत्र में रहती है। युवक का बहन के यहां आना जाना था।

# ऑनलाइन पोर्टल पर आई सीएम विंडो और अन्य शिकायतों का समय अनुसार करें निपटारा

## सीटीएम ने कहा, आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली को रखें अपडेट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सीटीएम अमित मान ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर आई सीएम विंडो और अन्य शिकायतों का समय अनुसार निपटारा करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के जिला एचओडी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली को अपडेट रखें। सीटीएम अमित मान ने आज बुधवार को सेक्टर-12, लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक कर विभाग वार मॉनिटरिंग कर रही थी। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान नियमित रूप से जल्द से जल्द करें। एडीसी ने कहा



कि सभी विभागों के उनके विभाग से संबंधित जिला अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम सहित अन्य प्राप्त हुई शिकायतों का गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर डेलीबेसिज निपटारा करना सुनिश्चित करें। वहीं बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल और एसएमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा और सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी/ ष्टरू ङ्घद्बठ्ठस्त्रश2, ष्टक्क त्रक्ररू और स्रूत्रञ्ज बारे नियमित रूप से डेली बेसिस पर निपटाया जाए।

समय पर ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान न करने वाले विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिसमें उन्होंने सीएम विंडो पर लम्बे समय से पड़ी शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में दिशानिर्देश भी विभाग वार सम्बंधित अधिकारी को दिए। सीटीएम बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को ऑनलाइन लंबित सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी आवेदन पर आई शिकायतों का विवरण देने के लिए कहा। वहीं नगर निगम, स्मार्ट सिटी, राजस्व, टाऊन प्लानिंग, जिला विकास एवं पंचायत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण, जिला समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, डीएफएसो, यूएलबी डिपार्टमेंट सहित एक एक करके विभागवार सभी विभागों की ऑनलाइन आई शिकायतों की समीक्षा भी बारीकी से की। समीक्षा बैठक में बीडीपीओ अजीत सिंह, एमसीएफ एक्स एन सुशील कुमार, डीडब्ल्यूओ राजेंद्र सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निर्वाचन आयोग ने पिंक बूथ बनवाये, सुविधाओ की भरमार

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी ए के सिंह,उप जिलाधिकारी प्रीती तिवारी,तहसीलदार पवन कुमार शर्मा,अधिशाषी अधिकारी विनय शंकर अवस्थी,प्रधानाचार्य अविनाश चन्द्र शुक्ल आदि ने जिले की नगर पंचायत अमेठी मे कटरा राजा हिम्मत सिंह प्राथमिक विद्यालय को पिंक बूथ बनाए है। मतदान केन्द्र पर धूप से बचाव के छाया की व्यवस्था प्रशासन ने की है। मतदाताओ को बैठने कुर्सी लगवाई। टेन्ट का पण्डाल लगा है। जमीन पर धूल से वचाव के लिए मैट बिछी है। शौचालय और पेशाब घर महिलाओ और पुरुष के लिए अलग अलग होगे। मतदान केंद्र मे मतदाताओ के सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गए है। जहां पर मतदाता सेल्फी लेकर वोट के अधिकार का जश्न मनायेगे। मतदान केन्द्र पर रिबन लगाकर भब्यता बढाई गयी। महिलाओ को मतदान के प्रेरित कर 'मतदाता दिवस उत्सव' के रूप मनाएंगे।

# एडीसी अपराजिता ने ऊर्जा कुशल सौर पंप अपनाने के लिए किसानों को किया प्रेरित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सौर ऊर्जा को घर-घर तक लेकर जाने का है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में हमें नवीन ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए जिससे हमारे प्राकृतिक संसाधन बच सके। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने आज बुधवार को गांव मोहना गांव की पंचायत वाटिका में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि सिंचाई उद्देश्य के लिए ऊर्जा कुशल सौर पंप अपनाने के लिए किसानों एवं स्वयं सहायता समूह के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

इस योजना में केवल वही आवेदक पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष 2019 से 2021 में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 1 एच.पी. से 10 एच.पी. के बिजली आधारित पंप के लिए आवेदन किया था। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इन आवेदनकर्ताओं को अब 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प दिये जाएँगे। उन्होंने बताया कि आवेदक की मौजूदा एप्लीकेशन आईडी जो बिजली आधारित कृषि ट्यूबवेल कनेशन का आवेदन करने के समय प्राप्त हुई थी, वह इस पोर्टल पर आवेदनकर्ता की यूजर आईडी होगी और इसमें किसानों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा दिए गए मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से चयन कर सकेंगे। वहीं मूल्य निर्धारण के उपरांत आवेदक इस पोर्टल पर जाकर कम्पनी का चयन करके लाभार्थी हिस्सा जमा करवा सकेंगे। जिसकी सूचना आपके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता के पास परिवार पहचान पत्र व कृषि भूमि का होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक के परिवार के नाम पर कोई भी बिजली पम्प अथवा सोलर पम्प नहीं होना चाहिए तथा खेत में सूक्ष्म सिंचाई पाईप लाइन होने का प्रमाण होना अनिवार्य है। जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम वासियों को एलईडी बल्ब भी बांटे गए। एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी वीरेंद्र सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी रविकांत शर्मा, एसडीओ बिजली बोर्ड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम तिवारी, एचएसआरएलएम, सरपंच ग्राम पंचायत मोहना, एससी अग्रवाल सेवानिवृत्त आईआरएस पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र अत्रि, पंकज यादव

# मानव रचना में 'अवलोकन' फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमेनिटीज, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग की ओर से वार्षिक फिल्म फेस्टिवल 'अवलोकन- द क्रिएटिव काइट्स 2023' का आयोजन हुआ। सोनी एंड वुडपेकर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल एंड फोरम के साथ आयोजित हुए इस समारोह में लघु फिल्म श्रेणी के तहत एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन की फिल्म 'लिपस्टिकÓ और डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन की 'साह जर्नी ऑफ चायÓ को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता श्री विजय एस जोधा ने कहा कि देश के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इस तरह के आयोजन



छात्रों को उनकी रचनात्मकता दिखाने को मंच प्रदान करते हैं। एमआरईआई के डायरेक्टर जनरल श्री एनसी वाधवा ने कहा कि फिल्में भावनाओं का प्रदर्शित करने का रचनात्मक तरीका हैं। कार्यक्रम में ज्यूरी सदस्यों के तौर पर श्री राम नरेंद्र यादव और श्री विजय लोकपल्ली शामिल हुए। इस दौरान संस्थान के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल श्री आरके आनंद, फैकल्टी ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमेनिटीज की डीन डॉ. मैथिली गंजू, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग प्रमुख डॉ. किरण बाला भी उपस्थित रहे। फिल्म फेस्टिवल में आईआईएमसी, एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन , बेनेट यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, वाईएमसीए, एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन सहित देशभर से करीब 70 संस्थानों ने भाग लिया। समारोह में लघु फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और एनिमेशन श्रेणियों के तहत चयनित 40 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। इनमें छात्रों ने शिक्षा, गरीबी, मानसिक स्वास्थ्य, शास्त्रीय नृत्य, घरेलू हिंसा और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को उजागर किया। इस दौरान फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें देशभर से मिली प्रविष्टियों को शामिल किया गया। फिल्मों की स्क्रीनिंग के बाद मास्टर क्लास भी हुई जिसमें मुख्य अतिथि ने फिल्म निर्माण पर जानकारी दी। फेस्टिवल के समापन पर डॉ. मैथिली गंजू ने कहा कि साल 2012 से कराए जा रहे इस फिल्म फेस्टिवल का मकसद युवाओं की प्रतिभा को प्रदर्शित करना है।

### फैक्टरियों में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 30 लोहा रोल बरामद

**फरीदाबाद।** फैक्टरियों में चोरी करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में जाकिर और जाबेद उर्फ ठुट्टी का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के गांव खंदावली के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी नशा करने के आदि है जो नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपियों ने अपने अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर सेक्टर-58 की फैक्टरी ओरिएंट स्टील एंड इंडस्ट्रीज कंपनी झांड़सेतली में से रात के समय लोहा के रोल चोरी करने की वारदात को अनजाम दिया था, जिसमें आरोपियो ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर सीएनजी ऑटो से लोहा रोल चोरी कर लिए थे।

# अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था ने नियुक्त किए 5 जिलाध्यक्ष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था द्वारा गुर्जर भवन सेक्टर-16 में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें संस्था के प्रदेशध्यक्ष एवं पूर्व महापौर फरीदाबाद डॉ. अत्तर सिंह की



मौजूदगी में 5 जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई जिसमें पलवल से राजबीर प्रधान, फरीदाबाद से सुरजीत नागर, नुहूं से मुकेश चौधरी, भिवानी से तेलूराम और गुरूग्राम से सरजीत तंवर को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इस मौक पर हरियाणा गुर्जर सभा के अध्यक्ष सी.बी रावल भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पांचों नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को डॉ. अत्तरसिंह व सी.बी रावल ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा और शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर बधाई और आर्शीवाद दिया। इस मौके पर डॉ. अत्तरसिंह ने कहा कि मुझे आशा है कि सभी जिलाध्यक्ष पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करेगें और संस्था को आगे बढ़ाने में पूरी एड़ी चोटी का जोर लगा देगें। उन्होनें कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने में भी यह सभी महत्वपूर्ण योगदान देगें। इस अवसर पर सीबी रावल ने कहा कि में सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को में बधाई देता हुं और भगवान देवनाराण से कामना करता हुं की सभी समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करेगें। इस मौके पर एडवोकेट कन्हैया लाल, वेदू नंबरदार, महेश गुर्जर, विक्रम सिंह, टेकराम बैंसला, दिनेश फागना, प्रेमचन्द व किशन नागर पूर्व पुलिस अधिकारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### फोटो पहचान पत्र ना होने पर 15 विकल्पों की व्यवस्था की गई है निकाय चुनाव में मतदान के लिए

**अमेठी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(न0नि0) राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु 11 मई 2023 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता जिन्हें निर्वाचन फोटो पहचान जारी किये गये है, को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 15 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान स्टाफ को प्रस्तुत करना होगा। सरकारी पहचान-पत्र एवं राशन कार्ड सहित उपर्युक्त कोई दस्तावेज जो परिवार के मुखिया के पास उपलब्ध हो जिससे उस परिवार के सदस्य होने पर वैध माने जायेंगे।

# साफ सफाई न होने से गांव में गंदगी का अंबार लोग परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**शुकुल बाजार/अमेठी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत भले ही स्वच्छता को लेकर दावे किए जा रहे हो लेकिन गांव की तस्वीर नहीं बदल रही है। विकास खण्ड शुकुल बाजार कस्बा के कई



गांव में जहां नालियों गंदगी से बजबजा रही है वहीं सड़क के किनारे गंदगी का एक तरफ जहां योगी सरकार साफ सफाई के दावा फेल दिखाई दे रहा।

वही शुकुल बाजार के कस्बा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत भले ही स्वच्छता को लेकर दावे किए जा रहे हो लेकिन गांव की तस्वीर नहीं बदल रही है गांव में जहां नालियों गंदगी से बजबजा रही है वहीं सड़क के किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इतना ही नहीं परिषदीय विद्यालय के पास भी साफ सफाई नहीं की जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि गांव में महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। जगह-जगह कूडे. के ढेर लगे हैं। ऐसे में संक्रामण बीमारियां फैलने का आशंका बनी रहती है। स्कूलों में सफाई कर्मी झाड़ू मारने या कूडा उठाने नहीं आता है वहीं शिक्षक लोग बच्चों से कूड़ा व साफ-सफाई करवाते हैं वहीं पर शिक्षकों से बात की गई तो वह भी अपना पल्ला झाड़ते नजर आते हैं शिक्षकों का कहना है कि स्कूल परिसर की साफ सफाई के लिए वह पैसे देकर करवाते है। इतना ही नहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त किए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अधिकांश लोगों के शौचालय न होने से ग्रामीणों को खुले में शौच को जाने को मजबूर है। जगह जगह जलभराव से मच्छर पनप रहे है। ऐसे में नगर के प्रधान व अधिकारी कर्मचारी मस्त बैठे हैं।

# अमेठी की राजनीति रण की ओर, निर्वाचन आयोग कठपुतली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** नगर निकाय चुनाव रण डोर बन चुका। निर्वाचन आयोग कठपुतली की भूमिका मे दिख रहा है। पुलिस ने कायदे-कानून की धज्जियां उडा रही है। सरकार के दबाव मे अधिकारी गुम सुम उदास नजर आ रहे है। आयोग के दिशा-निर्देश का अनुपालन ताख पर रख दिया। राजनीति दल अपनी निष्ठाए गवाई! और ऊधार के नेताओ को,तथा पार्टी के निष्कासित नेताओ को प्रत्याशी तक बनाया। इससे भी जी नही भरा तो चुनाव प्रचार मे मर्यादाए तार तार हुई। किशोर तक चुनाव प्रचार किए। चुनाव प्रचार मे भाडे के लोगो से काम लिया गया। राजनैतिक दल के नेताओ के साथ पदाधिकारी को चुनाव प्रचार मे नही पूछा। निष्ठाए तार तार हुई। अमेठी मे हाल रहा कि गौरीगंज नगर पालिका परिषद मे रश्मि दीपक सिंह को जैसे तैसे चेयरमैन पद के उम्मीदवार घोषित किए। निष्ठा और सम्मान को लेकर कई धुरंधर नेता कोमा मे चले गए। यहा से कम रोचक अमेठी नगर पंचायत मे फूल चन्द्र कसौधन को होर्डिंग विवाद मे 22 लोगो के साथ पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया। थाना कोतवाली अमेठी मे भाजपा जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल ने महेश सोनी और फूल चन्द्र कसौधन भी मुकदमा दर्ज कराए। अंशू फूल चन्द्र कसौधन को भाजपा समर्थित चेयरमैन नगर पंचायत अमेठी का प्रत्याशी बनाया। लक्ष्मी महेश सोनी निर्दल प्रत्याशी चेयरमैन पद की प्रत्याशी मैदान मे है। महेश सोनी को पुलिस थाना कोतवाली ले आयी। महिलाओ के साथ लोगो ने कोतवाली का घेराव किया। तब महेश सोनी को पुलिस ने छोडा। गौरीगंज मे रश्मि दीपक सिंह और विधायक राकेश प्रताप सिंह दोनो के बीच थाना गौरीगंज मे कहा सुनी,गाली-गलौज,मार पीट हुई। पुलिस का लापरवाही उजागर हुई। विधायक राकेश प्रताप सिंह जब चुनाव नही लड रहे है। तो उन्हे छूट क्यो प्रशासन दे रक्खा है। दीपक सिंह और विधायक राकेश प्रताप सिंह को आमने सामने क्यो पुलिस ने होने दिया। निर्वाचन आयोग की निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित क्यो नही हुआ। चुनाव मे सरकार का दबाव अधिकारियो पर है। इस नाते खुलेआम राजनीति चल रही है। पुलिस क्यो शिथिल है। क्यो निर्वाचन आयोग की धज्जिया उडाई जा रही है। राजनैतिक दल की तरह प्रशासन भी रंग को बेदरंग कर रहा है। कुछ भी हो अर्श से फर्श तक सत्ता मे काबिज भाजपा सपा के हाथो बदनाम हो चली। निष्कासित नेता और गैर दलीय नेताओ को चुनाव मैदान मे उतार कर राजनीतिक दल की निष्ठाए हवा मे बिकने को मजबूर हो चली है।

# राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान गम्भीरता से करें अधिकारी : विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी गंभीरता से करें। वहीं डीसी विक्रम ने एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों समीक्षा बैठक की अध्यक्षता में करते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी समयबद्ध तरीके से धरातल पर निरीक्षण करके पूरा करें। उन्होंने एनजीटी की हिदायतों के अनुसार कहा कि जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है। उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने बैठक में एनजीटी के सभी केसों की एक एक करके विभागवार समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्राधिकरण एनसीआर में गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसलिए एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जिला अधिकारी स्मिता कनोडिया ने एक-एक करके विभाग वार एनजीटी की हिदायतों के अनुसार केसों वास्तविक स्थिति बारे बारीकी से जानकारी दी। बैठक में जिला वन अधिकारी राजकुमार सिंह, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सहित एनजीटी से जुड़े तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद में 20 साल बाद होगा गर्ल्स तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** घरौड़ा स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में 12-13 मई (दो दिवसीय) 38 वीं गर्ल्स तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इससे पूर्व में यह प्रतियोगिता सन 2003 में एनआईटी स्थित दशहरा मैदान में आयोजित की गई थी। इसके उपरांत यह पहला ऐसा अवसर है जहां ग्रामीण अंचल स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश के लगभग 20 से अधिक जिलों की गर्ल्स तीरंदाजी खिलाड़ी एक साथ एक मैदान में अपनी प्रतिभा को दिखाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के लगभग 550 से अधिक खिलाडियों की उपस्थिति रहेगी। इस प्रतियोगिता को लेकर उत्साहित विद्यासागर इंटरनेशनल के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता उनका विद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को चार चांद लगाने का कार्य कर रहा है। जिसके चलते विद्यालय में छात्रों का दाखिला निशुल्क रखा है, वहीं छात्राओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयास रहता है। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय में राज्य गर्ल्स तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 12 मई को प्रथम इंडियन राउंड प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। प्रथम दिन में अंडर-9 गर्ल्स से लेकर सीनियर खिलाड़ी भाग लेगें। जिसका शुभारंभ तिगांव के विधायक राजेश नागर करेंगे। जिसमें खास बात यह रहेगी कि इस दिन होने वाली प्रतियोगिता के परिणाम भी इस दिन घोषित कर पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस प्रकार द्वितिय दिन भी इंडियन राउंड प्रतियोगिता चलेगी। जिसमें अंडर-9 गर्ल्स से लेकर सीनियर गर्ल्स खिलाड़ी भाग लेगीं। यादव ने प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की तरफ से तमाम इंतजाम कर लिए गए है। दूर-दराज से आने वाली गर्ल्स खिलाडियों के विद्यालय तक पहुंचने के मार्ग में चिन्हित बोर्ड लगाएं जा रहे है,ताकि किसी को सफर परेशानी न हो। वहीं विद्यालय परिसर में भी बेहरत इंतजाम के लिए कोच नीरज वशिष्ठ के अलावा योगय महिला शिक्षिकाओं को नियुक्त किया गया है। मैदान को प्रतिदिन बेहतर बनाने पर कार्य किया जा रहा है। जहां विशेष तौर पर गर्ल्स के लिए हेल्प काउंटर बनाया गया है, जहां विद्यालय में पहुंचने वाली गर्ल्स खिलाड़ी मदद लें सकती है।

# बेंगलुरू में वोट डालने के बाद निर्मला सीतारमण बोलीं, 'विपक्ष को महंगाई पर बोलने का हक नहीं'



**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री बुधवार को बेंगलुरू के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के लिए शुरुआती मतदाताओं में से एक थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता पर महंगाई का बोझ नहीं होना चाहिए, हालांकि विपक्ष को इस मुद्दे पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बेंगलुरु के जयनगर में भरत एजुकेशन सोसाइटी पोलिंग बूथ पर अपना वोट डाला।

निर्मला सीतारमण ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'महंगाई पर मैं जनता के साथ हूं कि हां, उन पर बोझ नहीं पड़ना चाहिए, लेकिन विपक्ष को (इस पर बोलने का) अधिकार नहीं है। उन्हें अपने कार्यकाल को देखना चाहिए।' कर्नाटक विधानसभा चुनाव में यहां अपना वोट डाला। केंद्रीय मंत्री ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के वादे को भी 'मूर्खता का उदाहरण' करार दिया।

### हम हमेशा हनुमान चालीसा पढ़ते हैं- निर्मला सीतारमण

केंद्रीय मंत्री ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के वादे को भी 'मूर्खता का उदाहरण' करार दिया। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और बजरंगबली की पूजा करते हैं, लेकिन वे (कांग्रेस) चुनाव के दौरान ऐसा करते हैं। उन्होंने अपने घोषणापत्र में इसका उल्लेख किया है, यह मूर्खता का एक उदाहरण है।'

सत्तारूढ़ भाजपा को हराकर राज्य में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों, संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की घोषणा की थी। कांग्रेस पार्टी ने पिछले हफ्ते अपने घोषणापत्र में कहा था कि वह बजरंग दल, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और अन्य जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार 'निर्णायक कार्रवाई' करेगी।

## मुंबई दंगों के एक आरोपी को विशेष अदालत ने किया बरी; कहा- वह भीड़ का हिस्सा भी हो सकता है

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 1993 में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में एक विशेष कोर्ट से 46 साल के एक आरोपी को बड़ी राहत मिली है। मुंबई की विशेष कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। इस मामले में विशेष कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी इस मामले में भीड़ का हिस्सा या निर्दोष दर्शक भी हो सकता है। जानकारी के मुताबिक, 1993 के सांप्रदायिक दंगों के मामले में फरार आरोपी शिवपूजन राजभर को गिरफ्तार कर 28 मार्च 2023 को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया था। राजभर समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत हत्या के प्रयास और गैरकानूनी जमावड़े के लिए आरोपपत्र दायर किया था। मामले में सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एए कुलकर्णी ने चार मई को राजभर को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया था।

# सुनवाई से सीजेआई के अलग होने की मांग करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई से सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ जुड़े रहेंगे। दरअसल, एंसन थॉमस नाम के एक याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल कर मांग की थी कि सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लेना चाहिए।

जानकारी के मुताबिक, एंसन थॉमस ने 13 मार्च और 17 अप्रैल को इस मांग को लेकर दो पत्र भेजे थे। इसमें उन्होंने कहा था कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को इस विशेष मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लेना चाहिए।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान वर्चुअली पेश होकर थॉमस ने अपनी यह मांग दोहराई। इस पर संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'धन्यवाद मिस्टर थॉमस, लेकिन आपका आवेदन खारिज कर दिया गया है।' उनके अलावा भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इस पर आपत्ति जताई। बता दें कि इस पीठ में जस्टिस एस के कौल, एस आर भट, हेमा कोहली और पी एस नरसिम्हा भी शामिल थे।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की दलील पर कहा कि भारतीय कानून वैवाहिक स्थिति की परवाह किये बिना भी अकेले व्यक्ति को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति देता है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दलील दी कि लिंग की अवधारणा 'परिवर्तनशील' हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व नहीं।

इस दौरान आयोग ने विभिन्न कानूनों में बच्चे का कल्याण सर्वोपरि होने का जिक्र करते हुए कहा कि कई फैसलों में कहा गया है कि बच्चे को गोद लेना मौलिक अधिकार नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि कानून मानता है कि 'आदर्श परिवार' की अपनी जैविक संतान होने के अलावा भी कुछ विषम स्थितियां हो सकती हैं। पीठ ने कहा कि कानून मानता है कि 'आदर्श परिवार' के अपने जैविक संतान होने के अलावा भी कुछ स्थितियां हो सकती हैं। इस दौरान शीर्ष अदालत ने पूछा कि विषमलैंगिक विवाह के दौरान यदि पति या पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तो ऐसी सूरत में क्या होगा?

# अरुण कुमार बन सकते हैं इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज : सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की सिफारिश



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता अरुण कुमार की सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में जस्टिस संजय किशन कौल और केएम जोसेफ भी शामिल हैं।

बता दें कि इस सिफारिश के संबंध में जारी किए गए प्रस्ताव में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कहा है कि उसने 17 जनवरी, 2023 को उनके नाम के प्रस्ताव पर विचार किया था, हालांकि इंटेलिजेंस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के आधार पर तब कॉलेजियम ने अधिवक्ता अरुण कुमार की पदोन्नति की सिफारिश को टाल दिया था। हालांकि बाद में तीन मई, 2023 को न्याय विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को इंटेलिजेंस ब्यूरो की 1 फरवरी, 2023 की एक रिपोर्ट भेजी। इसमें कहा गया था कि उसके पास पहले से दिए गए इनपुट के अलावा कोई इनपुट नहीं है, जिससे इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट को सत्यापित किया जा सके।

अरुण कुमार को इलाहाबाद हाई कोर्ट का जज नियुक्त किए जाने से संबंधित प्रस्ताव में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बताया है कि कॉलेजियम में शामिल तीन सलाहकार न्यायाधीशों ने अरुण कुमार के बारे में सकारात्मक राय दी, वहीं एक अन्य सलाहकार न्यायाधीश ने कोई राय व्यक्त नहीं की।

### सीएम योगी और राज्यपाल ने सिफारिश पर जताई सहमति

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल ने कॉलेजियम की इस सिफारिश पर सहमति जताई है।

### 25 सालों का है वकालत का अनुभव

बता दें कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज बनने के उम्मीदवार अरुण कुमार इस समय करीबन 51 साल के हैं। साथ ही उन्होंने बार में 25 साल से भी ज्यादा समय तक वकालत के पेशे का अभ्यास किया है।

# महाराष्ट्र राजनीतिक संकट पर फैसला कल, दिल्ली सरकार बनाम एलजी मामले पर भी आ सकता है निर्णय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ कल यानी गुरुवार को महाराष्ट्र राजनीतिक संकट पर फैसला सुना सकती है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) ने कहा कि कल हम दो मामलों में फैसला सुनाएंगे। कहा जा रहा है कि दिल्ली सरकार बनाम एलजी मामले पर भी सुप्रीम कोर्ट कल फैसला सुना सकता है।

मामले में उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने कहा कि कल फैसला होगा कि ये देश संविधान से चलता है कि नहीं। देश में लोकतंत्र जीवित है कि नहीं। कल ये भी फैसला होगा कि हमारी न्याय व्यवस्था किसी दबाव में काम कर रही है या नहीं। ये देश संविधान से चलता है और जो देश संविधान से नहीं चलता तो आप पाकिस्तान की हालत देख लीजिए। हम चाहते हैं कि ये देश संविधान से चले है, हमारी न्याय व्यवस्था स्वतंत्र रहें।

उन्होंने कहा कि कल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंबई में आएंगे और मातोश्री में उद्धव ठाकरे जी के साथ उनकी मुलाकात है। ये मुलाकात करीब एक बजे है और लगभग डेढ़ घंटा वो मातोश्री में रहेंगे। नीतीश कुमार जी ने जो प्रयास शुरू किया है कि देश के सभी विपक्ष को एक साथ लाने का उसमें उद्धव ठाकरे जी भी शामिल हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट के संबंध में प्रतिद्वंद्वी गुटों उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली थी। याचिकाओं के एक बैच पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 16 मार्च को आदेश सुरक्षित रख लिया था। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने उद्धव और शिंदे दोनों गुटों और राज्यपाल के कार्यालय की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। न्यायमूर्ति एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की सदस्यता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, देवदत्त कामत और अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की थी। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल, हरीश साल्वे, महेश जेठमलानी और अधिवक्ता अभिकल्प प्रताप सिंह की दलीलें भी सुनीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले में राज्यपाल कार्यालय की पैरवी की।

### नौ दिन की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा

पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने नौ दिन की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इन याचिकाओं पर सुनवाई 21 फरवरी से शुरू हुई थी। इससे पहले 17 फरवरी को शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र में जून 2022 में पैदा हुए सियासी संकट संबंधी याचिकाओं को सात न्यायाधीशों की पीठ को भेजने से इनकार कर दिया था। इनमें 2016 के नबाम रेबिया फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया गया था।

### क्या था अरुणाचल प्रदेश के नबाम रेबिया केस का फैसला?

न्यायालय ने 2016 में अरुणाचल प्रदेश के नबाम रेबिया के मामले पर फैसला दिया था कि यदि विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए नोटिस सदन में पहले से लंबित हो, तो वह विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए दी गई अर्जी पर कार्यवाई नहीं कर सकता। दरअसल, 29 जून 2022 को महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट चरम पर पहुंच गया था, जब शीर्ष अदालत ने ठाकरे के नेतृत्व वाली 31 महीने पुरानी एमवीए सरकार का बहुमत परीक्षण कराने के राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा सरकार बनी थी।

### राज्यपाल का 2022 का आदेश रद्द करने की मांग

इस बीच शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने 16 मार्च को सुप्रीम कोर्ट से महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जून 2022 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया था, जिसमें मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहा गया था। ठाकरे गुट ने कहा था कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।

# सोनी सब का आगामी फैमिली ड्रामा, वंशज एक अमीर कारोबारी साम्राज्य की पेचीदा डायनेमिक्स को दर्शाता है

**» परिवार की कहानी है जो पितृसत्ता में गहराई से जुड़ा हुआ**

**मुंबई।** सोनी सब का आगामी शो वंशज दर्शकों को महाजन परिवार की आकर्षक दुनिया में ले जाने के लिए तैयार है, जो एक लेगसी बिज़नेस चलाने वाला एक धनी और समृद्ध परिवार है। यह शो एक शक्तिशाली बिज़नेस परिवार के भीतरी पारिवारिक डायनेमिक्स, राजनीतिक साज़िश और ड्रामा का सही मिश्रण पेश करने का वादा करता है। महाजन परिवार की तीन पीढ़ियों के जीवन और डायनेमिक्स के इर्द-गिर्द घूमती कहानी के साथ, वंशज ऐसे परिवार की समस्याओं और क्लेशों को दिखाने के लिए तैयार है, जो सफल होने के साथ ही परेशानियों से घिरे भी है।

हाल ही में लॉन्च किया गया पहला लुक शो की खास झलक पेश करता है, जिसमें ऐसे परिवार की कहानी है जो पितृसत्ता में गहराई से जुड़ा हुआ है, जहां शासन अक्सर एक बेटे से दूसरे बेटे को दिया जाता है। प्रसिद्ध कलाकार अंजलि तत्रारी (मुख्य भूमिका युविका के रूप में), पुनीत इस्सर (परिवार के पुरुषवादी मुखिया भानुप्रताप के रूप में), माहिर पांधी (दिग्विजय के रूप में) और गिरीश सहदेव (धनराज के रूप में) को शो के लिए चुना गया है। दर्शक महाजन परिवार की एक और झलक का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं और यह देखना रोमांचक होगा कि सोनी सब इस भव्य शो के लिए और किसे चुनता है। सोनी सब के वंशज के बारे में और जानने के लिए साथ बने रहें, जो इस जून में आपकी टेलीविज़न स्क्रीन पर आएगा।

## किसानों को समय से मिले खाद, बीज और फसल ऋण, महाराष्ट्र कृषि मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल शट्टार ने कोंकण क्षेत्र के अधिकारियों से मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किसानों को समय से खाद, बीज और फसली ऋण मिलने की बात को सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा है या नहीं। शट्टार ने कहा कि अधिकारियों को क्षेत्र की भौतिक स्थितियों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए और उसी के हिसाब से खरीफ कार्यक्रम की योजना बनानी चाहिए।

राज्य कृषि मंत्री के अनुसार बड़े क्षेत्र में आम, काजू और धान की खेती का प्रयास करना चाहिए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए की बेमौसन बारिश में बर्बाद हुए फसलों के बदले किसानों को मुआवजा मिले।

# यूरोपीय संघ के दूसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर, चीन को आमंत्रण नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोपीय संघ (ईयू) के दूसरे हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (इंडो-पैसिफिक मिनिसर्ट्रियल फोरम) में हिस्सा लेंगे। इसकी मेजबानी 13 मई को स्वीडन द्वारा की जानी है। इसकी सह-अध्यक्षता यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल और स्वीडन के विदेश मामलों के मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम द्वारा की जाएगी। इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र और यूरोपीय संघ के करीब 60 विदेश मंत्रियों के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संगठनों और अन्य भागीदारों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा। चीन और ताइवान के फोरम का हिस्सा बनने की उम्मीद नहीं है।

ईयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "हम करीब 60 प्रतिभागियों की उच्च स्तर की भागीदारी से खुश हैं और इस बात को जोर देकर बताना चाहते हैं कि जी-20 के अध्यक्ष जयशंकर भारत की ओर से मौजूद होंगे।' उन्होंने कहा, 'जापान से विदेश मंत्री और जी-7 के अध्यक्ष हयाशी वहां होंगे।'

बैठक के दौरान दो को-मॉडरटर्स के साथ तीन राउंडटेबल सेशन आयोजित किए जाएंगे जिसमें प्रत्येक में बीस प्रतिभागी शामिल होंगे। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में चीन के हिस्सा न लेने को लेकर ईयू के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अधिकारी ने कहा, चीन ने हिंद-प्रशांत अवधारणाओं के ढांचे में किसी भी भागीदार के साथ कभी भी काम नहीं किया है। वह इसकी आलोचना करता है। उन्होंने कहा, हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि यूरोपीय संघ चीन के साथ इंगेज नहीं होगा। हमारे बीच वास्तव में कई प्रमुख मुद्दों पर खुले तौर पर बातचीत हुई है, जिनमें समुद्री शासन से लेकर हमारी हिंद-प्रशांत रणनीति में प्राथमिकता वाले कई मुद्दे शामिल हैं।

# पत्रकारों के लिए अलग से निर्वाचन क्षेत्र बनाये : पॅन्थर डॉ . राजन माकनीकर

**मुंबई।** दि (प्रतिनिधि) महाराष्ट्र राज्य में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की तर्ज पर पत्रकारों के लिए भी अलग निर्वाचन क्षेत्र दिया जाए ताकि पत्रकारों को उनके अधिकारों की सुरक्षा मिले और एक संवैधानिक जिम्मेदारी मिले। ऐसी मांग रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (संविधान) पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पॅन्थर डॉ. राजन माकनीकर ने मुख्यमंत्री को कि है।



राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथराव शिंदे को आरपीआई (संविधान) पार्टी के बागी पत्रकार डॉ. राजन माकणीकर ने मांग की है कि आवास, बीमा, ऋण योजना, सरकारी विज्ञापन, बालक-बालिकाओं की शिक्षा में रियायत, बस-रेलवे-हवाई यात्रा में रियायत, भविष्य निधि, मानदेय, विज्ञापनों का बकाया बिल भुगतान, टोल माफी, यूट्यूब,

पोर्टल और सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया की तरह आधिकारिक मान्यता, अलग पुरस्कार और सम्मान और कई सरकारी योजनाओं से लाभ मिल सकता है ताकि निर्वाचित प्रतिनिधि सचेत रूप से इन मामलों को गंभीरता से ले सकें। डॉ. माकणीकर ने यह भी कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि यानी विधायक, सांसद या मंत्री पत्रकारों की इन समस्याओं के बारे में कभी नहीं जानते. आज देश को आजादी के 70 साल हो जाने के बाद भी पत्रकार सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। उनके पास पर्याप्त सुरक्षा नहीं है। उनके लिए कोई कानून नहीं है, उनके लिए कोई सुविधा या कोई वित्तीय संस्थान नहीं है। या बिल्कुल भी आरक्षण नहीं।

स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की तर्ज पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के लिए पृथक विधायक चुनाव प्रक्रिया लागू की जाए। कम से कम 12वीं पास पत्रकार को चुनाव लड़ने का अधिकार दिया जाए। साथ ही राज्य के छह प्रशासनिक संभागों को निर्दलीय विधायक देकर पत्रकारों के सम्मान को बनाए रखा जाए और लोकतंत्र को मजबूत किया जाए. इसका जिक्र पैंथर राजन माकनीकर ने भी आवेदन पत्र में किया है।

# एमपी के खजुराहो के लिए मिलेगी दूसरी वंदे भारत, यूपी के इन खास पर्यटन स्थलों को भी जोड़ेगी

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में साल के अंत में विधान सभा चुनाव होने हैं। इससे पहले एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात अंचलवासियों को मिल सकती है। यह ट्रेन नई दिल्ली से खजुराहो के बीच चलाने की तैयारी की जा रही है। नई दिल्ली से खजुराहो के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा काफी पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कर चुके हैं। रेलवे अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार दूसरे वंदे भारत एक्सप्रेस ग्वालियर, झांसी होकर खजुराहो लिए संचालित होगी।

रेलवे मंत्रालय इस ट्रेन का संचालन पर्यटकों के दृष्टि से किया जाएगा, क्योंकि खजुराहो बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक जाते हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली-आगरा रेल खंड पर वंदे भारत का उद्घाटन मई में होगा। अभी आगरा से निजामुद्दीन के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ रही है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन का ट्रायल दिल्ली-आगरा रेल खंड पर मई के चौथे सप्ताह में प्रस्तावित है। इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन को 150 से 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ाया जाएगा।

इस वंदे भारत ट्रेन के चलने से देश के दो मशहूर पर्यटन स्थल, आगरा और खजुराहो जाने वाले पर्यटकों को फायदा होगा। दिल्ली से मध्यप्रदेश के लिए चलने वाली यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन होगी। दिल्ली से भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन के बीच पहले ही एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चल रही है। ये नई वंदे भारत दिल्ली से चलकर आगरा और ग्वालियर होते हुए झांसी और फिर खजुराहो जाएगी। इस ट्रेन के चल जाने के बाद आगरा का संबंध सीधे खजुराहो से हो जाएगा। इससे दिल्ली, झांसी, आगरा, ग्वालियर और खजुराहो के बीच पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में खजुराहो से सांसद वीडी शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड के लिए कई मांगें रखी थीं। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जल्द ही दिल्ली से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जाएगी। ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन का काम तेजी से शुरू होगा। भूमि अधिग्रहण मुद्दे का समाधान जल्द निकाल लिया जाएगा। खजुराहो को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

शर्मा ने रेलमंत्री से खजुराहो से बनारस और खजुराहो से भोपाल ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग भी रखी। इसके अलावा छतरपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट तथा गुड्स ट्रेन के रेक पॉइंट, खजुराहो से भोपाल एवं खजुराहो वाराणसी ट्रेन का संचालन सहित खजुराहो से गुजरने वाली ट्रेनों में प्रथम श्रेणी एच1 वातानुकूलित कोच लगाए जाने एवं खजुराहो का कोटा आरक्षित किए जाने बाबत आवेदन सहित टुरिया गंज स्टेशन का नाम परिवर्तित कर बागेश्वर धाम किए जाने से संदर्भित एवं स्टॉपेज किए जाने के लिए पत्र सौंपा था।

बैठक में सांसद शर्मा ने ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन जबलपुर मंडल के तहत परियोजना योजना अंतर्गत खजुराहो-पन्ना रेलखंड हेतु पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने एवं खजुराहो पन्ना रेल खंड का कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने सहित ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन परियोजना के पन्ना-सतना रेल खंड निर्माण कार्य जो लगभग 40 किलोमीटर रेल मार्ग का काम रुका हुआ है, उसमें प्रगति प्रदान करने एवं भू अधिग्रहण से प्रभावितों को नौकरी दिलाए जाने के लिए भी एक पत्र भी रेल मंत्री को सौंपा था।

# घर लौटने लगे लोग, सेना कर रही विश्वास बहाली की कोशिश

**इंफाल।** धीरे शांति बहाल होने लगी है। लोग अब घरों की ओर लौटने लगे हैं। लोगों में किसी तरह का डर न हो, इसके लिए सेना गांवों में व्यक्तिगत तौर पर लोगों से बातचीत कर रही है। इस बीच, फिर कोई गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए सेना, वायुसेना, प्रशासन और असम राइफल्स के जवान चौबीसों घंटे जमीन और आसमान से निगरानी रख रहे हैं।

सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि मणिपुर में स्थायी शांति के लिए सेना ने सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना शुरू कर दिया है। इस कारण अब धीरे-धीरे शांति लौटने लगी है। जो लोग फंसे हुए हैं, उन्हें निकालने का काम भी जारी है। फिर से कोई घटना नहीं घटे, इसके लिए सेना न केवल भीतरी इलाकों में बल्कि भारत-म्यांमार सीमा पर भी नजर बनाए हुए है। इसके लिए मानव रहित विमान, वायु सेना के एमआई 17 और चीता हेलीकॉप्टरों से दिन-रात निगरानी रखी जा रही है। सेना के जवान लगातार फ्लैग मार्च कर रहे हैं।



मणिपुर में करीब 128 सेना और असम राइफल्स की टुकड़ियों, मानव रहित विमान और हेलीकॉप्टर इस कार्रवाई में लगाए गए हैं।

इस बीच, सेना ने लोगों में विश्वास जगाने के उद्देश्य से गांव-गांव जाकर एक-एक व्यक्ति से बातचीत शुरू की है। सेना ने सभी से अपील की है कि अराजक तत्व फिर से माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। किसी भी तरह की गलत या भड़काउ बयानबाजी से भी बचने की सलाह दी है।

### ऑपरेशन कोहिमा कॉलिंग: सुरक्षाबलों ने 1229 लोगों को निकाला

मणिपुर हिंसा के दौरान ऑपरेशन कोहिमा कॉलिंग के तहत असम राइफल्स, ₹पूर्वोत्तर लोगों के मित्र₹ ने मणिपुर संकट के दौरान छह से दस मई के बीच 1229 लोगों को निकाला और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि मणिपुर में जारी तनावपूर्ण स्थिति के बीच मणिपुर में नागालैंड के कई लोग फंसे हुए थे। इन लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए स्पीयर कॉर्प्स के तत्वावधान में असम राइफल्स ने दो चरणों में 'ऑपरेशन कोहिमा कॉलिंग' चलाया। पहले चरण में 676 व्यक्तियों और दूसरे चरण के दौरान 553 व्यक्तियों को निकाला गया। दूसरे चरण योरिपोक की 47 कोन्याक लड़कियों को निकाला गया। जानकारी के मुताबिक बचाव दल इन लड़कियों को निकालने के लिए थौबल जिले के अंदरूनी इलाकों में गया था। ये सभी एक फैक्ट्री में काम करती थीं।